# बिहार विधान सभा

## पंचदश सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न
## 24 जुलाई 2025

----

**[कृषि - राजस्व एवं भूमि सुधार - पशु एवं मत्स्य संसाधन - लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण - खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण - नगर विकास एवं आवास - सहकारिता ].**

**कुल अल्पसूचित प्रश्न 1**

----

**कार्रवाई करना**

*6 **श्री अरूण शंकर प्रसाद (33) (खजौली):**

**नगर विकास एवं आवास :-**

स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-26.05.2025 को प्रकाशित शीर्षक "सूबे के 69 निकायों में कचरा निस्तारण में जमीन का बाधा" को ध्यान में रखते हुए, क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने का कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी निकायों में आबादी के अनुरूप कचरा निस्तारण इकाई लगान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ;

2. क्या यह बात सही हैं कि राज्य के 125 निकायों में कचरा निस्तारण इकाई स्थापित करने की स्वीकृति मिली है, जिसमें 69 निकायों के पास जमीन के अभाव में कचरा निस्तारण इकाई निर्माण का कार्य अवरुद्ध है ;

3. यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक सभी बचे हुए निकायों में कचरा निस्तारण इकाई स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----